संख्या–cm-377
15/08/2025

# महादलित टोला में आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

पटना, 15 अगस्त 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज महादलित टोला में आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शामिल हुए। पटना जिला अंतर्गत पुनपुन प्रखंड के कल्याणपुर पंचायत स्थित ग्राम डिहरी के महादलित टोला में आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में स्थानीय वयोवृद्ध श्री सुखू चौधरी ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में झंडोत्तोलन किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को फूलों की बड़ी माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 79वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर मैं आप सबको एवं समस्त बिहरवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देता हूँ। आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन का मुख्य कार्यक्रम पटना के गाँधी मैदान में आयोजित किया गया, उसके बाद आप लोगों के बीच यहाँ डिहरी महादलित टोला में स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शामिल हुआ हूँ। यह बहुत खुशी की बात है कि आज यहाँ इस महादलित टोला के सबसे वृद्ध व्यक्ति श्री सुखू चौधरी जी के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया है। हमलोगों ने ही राज्य के सभी महादलित टोलों में 15 अगस्त 2011 से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर और वर्ष 2012 से गणतन्त्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम की शुरुआत कराई है। इस झंडोत्तोलन कार्यक्रम में टोले के महादलित समुदाय के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति के द्वारा झण्डा फहराया जाता है। इस आयोजन में जिलों में प्रभारी मंत्री, जिला पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक तथा अन्य वरीय पदाधिकारी विभिन्न महादलित टोलों में हिस्सा लेते हैं। आज के इस महत्वपूर्ण अवसर पर आपके बीच आने का मौका मिला है, इसके लिये मुझे बेहद प्रसन्नता हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहाँ डिहरी में विकास के अनेक काम कराये गए हैं और आपलोगों की जो भी मांगें या इच्छा थी उसे पूरा कराने के लिए हमलोगों ने पहले से ही तय कर दिया है। उन्होंने कहा कि आप सभी के इच्छानुरूप इस महादलित टोले में 29 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन तथा 55 लाख रुपए की लागत से स्वास्थ्य उपकेंद्र का निर्माण कराया जाएगा। कल्याणपुर पंचायत के खपूरा में 35 लाख रुपए की लागत से प्राथमिक विद्यालय के भवन का निर्माण कराया जाएगा। इस टोले में आवागमन की सुविधा को सुगम बनाने के लिए ग्राम डिहरी के हनुमान मंदिर से बिहटा–सरमेरा पथ तक 1 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का निर्माण कराया जाएगा। बिहटा–सरमेरा पथ से वाजितपुर रेलवे स्टेशन के तक 2.1 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का निर्माण कराया जाएगा ताकि स्थानीय लोग आसानी से रेलवे स्टेशन तक आवागमन कर सके। हमारी कामना है कि समाज में सद्भाव एवं भाईचारे का वातावरण कायम रहे। हमारा राज्य प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे। आज के इस पावन अवसर पर हम सब संकल्प लें कि बिहार को विकसित राज्य बनाने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे। आज के इस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मैं पुनः आप सबको तथा

पूरे बिहारवासियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ। आप सभी को बहुत–बहुत धन्यवाद।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत 115 जीविका स्वयं सहाता समूहों को स्वरोजगार हेतु आर्थिक सहयोग के तहत 1 करोड़ 50 लाख 40 हजार रुपए का सांकेतिक चेक, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का सांकेतिक चेक, राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टि हानि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत चश्मा वितरण, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आयुष्मान भारत कार्ड, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना एवं मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर विधान पार्षद श्री रवीन्द्र कुमार सिंह, बिहार राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य श्री रूबेल रविदास, बिहार राज्य नागरिक परिषद के महासचिव श्री अरविंद कुमार सिंह, पूर्व मंत्री श्री श्याम रजक, पूर्व विधायक श्री अरुण मांझी, पूर्व विधान पार्षद श्री बाल्मिकी सिंह, जिला परिषद् अध्यक्षा श्रीमती अंजु देवी, पुनपुन प्रखण्ड प्रमुख श्रीमती गुड़िया कुमारी, 20सूत्री के प्रखण्ड अध्यक्ष श्री अनिल सहनी, 20सूत्री के प्रखण्ड उपाध्यक्ष श्री सिंटू कुमार, कल्याणपुर ग्राम पंचायत के मुखिया श्री अजय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त डॉ० चंद्रशेखर सिंह, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, नेतागण, गणमान्य व्यक्ति, वरीय अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

******